# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/3196
दिनांक : 28.12.2020

## विज्ञप्ति

वैश्विक महामारी कोविड–19 को दृष्टिगत रखते हुये उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत दिशा–निर्देशों के अनुपालन में विश्वविद्यालय की संस्थागत एवं व्यक्तिगत पाठ्यक्रमों के केवल अन्तिम वर्ष की मुख्य परीक्षा–2020 सम्पन्न करायी जा चुकी हैं तथा परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरान्त वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत संचालित स्नातक स्तर पर **बी0ए0, बी0काम0, बी0एस–सी0 एवं बी0एस–सी0 फिजिकल एजू0 एण्ड स्पोर्ट्स (संस्थागत)** तथा **बी0ए0, बी0काम0 (व्यक्तिगत)** केवल तृतीय वर्ष, परास्नातक स्तर पर **एम0ए0 एवं एम0काम0 (व्यक्तिगत)** केवल अन्तिम वर्ष तथा **एल0एल0बी0 (त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम)** केवल अन्तिम वर्ष पाठ्यक्रमों के समस्त छात्र/छात्राओं की बैक पेपर परीक्षा–2020 आयोजित करायी जानी प्रस्तावित है।

उपरोक्त सन्दर्भित पाठ्यक्रमों के समस्त छात्र/छात्राओं के बैक पेपर परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** एवं **www.ccsuweb.in** पर विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी द्वारा विश्वविद्यालय के पत्रांक परीक्षा/3181, दिनांक 18.12.2020 के अनुसार भरने की अन्तिम तिथि दिनांक 28.12.2020 निर्धारित थी।

**माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार परीक्षा फार्म भरने से ऐसे वंचित छात्र/छात्राओं को जिन्होंने अभी तक बैक पेपर परीक्षा फार्म नहीं भरा है, अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए तिथियाँ दिनांक 31.12.2020 तक विस्तारित की जाती है।**

**ऑन लाईन परीक्षा फार्म भरने की तिथियाँ निम्नानुसार है –**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | छात्र/छात्राओं द्वारा परीक्षा फार्म वेबसाईट पर ऑन–लाईन भरने एवं ऑन–लाईन परीक्षा शुल्क जमा प्रारम्भ होने की तिथि | **21.12.2020** |
| 02. | छात्र/छात्राओं द्वारा ऑन लाईन परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि | **31.12.2020** |
| 03. | परिपूर्ण परीक्षा फार्म सम्बन्धित महाविद्यालयों में जमा करने की अन्तिम तिथि | **01.01.2021** |
| 04. | प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक द्वारा अग्रसारित परीक्षा फार्म नोमिनल रोल लिस्ट के साथ विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने की अन्तिम तिथि | **02.01.2021** |

नोट :–1. **विश्वविद्यालय परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 01.12.2020 में लिये गये संकल्पानुसार केवल अन्तिम वर्ष के वह अभ्यर्थी जो पहले ही मुख्य परीक्षा–2020 के फार्म भर चुके हैं किन्तु कोविड–19 के कारण परीक्षा नहीं दे पाये थे ऐसे सन्दर्भित छात्र/छात्राओं को वंचित विषय/प्रश्नपत्र में सम्मिलित होते हुये पाठ्यक्रम पूर्ण किये जाने का अन्तिम अवसर प्रदान किया गया है। ऐसे सन्दर्भित छात्र/छात्राओं को परीक्षा फार्म भरे जाने की आवश्यकता भी नहीं है। ऐसे छात्र/छात्रायें विश्वविद्यालय वेबसाइट से नवीन प्रवेश पत्र पुनः डाउनलोड करने के उपरान्त बैक पेपर परीक्षा–2020 में सम्मिलित हो सकेंगे।**

2. केवल अन्तिम वर्ष की मुख्य परीक्षा–2020 (संस्थागत/व्यक्तिगत) में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी ही बैक पेपर परीक्षा–2020 में औपबन्धिक रूप से सम्मिलित हो सकेंगे। अन्य सत्र के अभ्यर्थी सन्दर्भित परीक्षा हेतु अर्ह नहीं हैं अन्यथा की स्थिति में परीक्षार्थी/महाविद्यालय/संस्थान स्वयं उत्तरदायी होंगे।
3. सन्दर्भित अर्ह अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की अधिकृत वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** पर उपलब्ध समस्त नियमों का भली–भाँति अध्ययन करने के उपरान्त ही बैक पेपर परीक्षा–2020 हेतु परीक्षा फार्म भरना सुनिश्चित करें।
4. परीक्षा में अंक सुधार की दृष्टि से अथवा बैक पेपर परीक्षा–2020 में सम्मिलित होने हेतु किसी भी अर्ह अभ्यर्थी को विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षाफल घोषित होने के उपरान्त बैक पेपर परीक्षा–2020 में सम्मिलित होने हेतु केवल एक ही अवसर देय होगा।
5. **कोई भी अभ्यर्थी री–बैक परीक्षा हेतु अर्ह नहीं होगा।**

28/12

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

01. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि परीक्षा फार्म अग्रसारित करने से पूर्व छात्र/छात्रा की अर्हता का अच्छी तरह परीक्षण कर लिया जाये कि जिस पाठ्यक्रम के लिए अभ्यर्थी आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह अर्ह है अथवा नहीं।
02. सचिव कुलपति को कुलपति जी के सूचनार्थ।

**क्रमश.......2**

03. वयैक्तिक सहायक, प्रति–कुलपति को प्रति–कुलपति जी के सूचनार्थ।
04. वयैक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी को, वित्त अधिकारी के सूचनार्थ।
05. वयैक्तिक सहायक, कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
06. वयैक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को, परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
07. लेखाधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
08. सहा0 कुलसचिव / उप कुलसचिव (परीक्षा / गोपनीय / लेखा)।
09. प्रभारी–कमेटी सेल / अति गोपनीय विभाग।
10. कार्यालय अधीक्षक (गोपनीय)।
11. समस्त प्रभारी / पटल सहायक–परीक्षा विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
12. प्रभारी–कम्प्यूटर केन्द्र / विश्वविद्यालय वेबसाईट।
13. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
14. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी को इस आशय के साथ प्रेषित कि समस्त नियमों / अर्हता के अनुरूप ही बैक पेपर परीक्षा–2020 हेतु परीक्षा फार्म भरवाया जाना सुनिश्चित करें।
15. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के **सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुए**, छात्र हित में, निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
16. विश्वविद्यालय पूछताछ–केन्द्र / सूचना पट।

28/12

**सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)**

# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/3197
दिनांक : 28.12.2020

### विज्ञप्ति

वैश्विक महामारी कोविड–19 को दृष्टिगत रखते हुये उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत दिशा–निर्देशों के अनुपालन में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में संचालित **परास्नातक स्तर (एम०ए०, एम०काम०, एम०एस–सी०, एम०एस–सी० कृषि, एल०एल०एम०)** केवल अन्तिम सम सेमेस्टर (जून–2020) एवं स्नातक स्तर की सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों की **बी०एस–सी० (कृषि)** तथा **बी०एस–सी० (गृह विज्ञान)** की केवल अन्तिम सम सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा/बैक पेपर परीक्षा/भूतपूर्व छात्रों की परीक्षायें तथा सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत संचालित **एल–एल०बी० (त्रिवर्षीय)** केवल अन्तिम सम सेमेस्टर (जून–2020) की परीक्षाओं तथा **विश्वविद्यालय परिसर में संचालित समस्त स्नातक एवं परास्नातक पाठयक्रमों (एम०फिल० सहित)** (AICTE से मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त) की केवल अन्तिम सम सेमेस्टर (जून–2020) परीक्षायें सम्पन्न करायी जा चुकी हैं तथा परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरान्त सन्दर्भित पाठ्यक्रमों की स्पेशल बैक पेपर परीक्षा (दिसम्बर–2020) भी करायी जानी प्रस्तावित है।

उपरोक्त सन्दर्भित पाठ्यक्रमों के समस्त छात्र/छात्राओं की विशेष बैक पेपर परीक्षा (दिसम्बर–2020) के परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** एवं **www.ccsuweb.in** पर विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी द्वारा विश्वविद्यालय के पत्रांक परीक्षा/3180, दिनांक 18.12.2020 के अनुसार भरने की अन्तिम तिथि दिनांक 28.12.2020 निर्धारित थी।

**माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार परीक्षा फार्म भरने से ऐसे वंचित छात्र/छात्राओं को जिन्होंने अभी तक विशेष बैक पेपर परीक्षा (दिसम्बर–2020) परीक्षा फार्म नहीं भरा है, अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए तिथियाँ दिनांक 31.12.2020 तक विस्तारित की जाती है।**

**ऑन लाईन परीक्षा फार्म भरने की तिथियाँ निम्नानुसार है –**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | छात्र/छात्राओं द्वारा परीक्षा फार्म वेबसाईट पर ऑन–लाईन भरने एवं ऑन–लाईन परीक्षा शुल्क जमा प्रारम्भ होने की तिथि | **21.12.2020** |
| 02. | छात्र/छात्राओं द्वारा ऑन लाईन परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि | **31.12.2020** |
| 03. | परिपूर्ण परीक्षा फार्म सम्बन्धित महाविद्यालयों में जमा करने की अन्तिम तिथि | **01.01.2021** |
| 04. | प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक द्वारा अग्रसारित परीक्षा फार्म नोमिनल रोल लिस्ट के साथ विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने की अन्तिम तिथि | **02.01.2021** |

**नोट :–** 1. **विश्वविद्यालय परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 01.12.2020 में लिये गये संकल्पानुसार केवल अन्तिम सेमेस्टर (जून–2020) के वह अभ्यर्थी जो पहले ही अन्तिम सेमेस्टर (जून–2020) के फार्म भर चुके हैं, किन्तु कोविड–19 के कारण परीक्षा नहीं दे पाये थे ऐसे सन्दर्भित छात्र/छात्राओं को वंचित विषय/प्रश्नपत्र में सम्मिलित होते हुये पाठ्यक्रम पूर्ण किये जाने का अन्तिम अवसर प्रदान किया गया है। ऐसे सन्दर्भित छात्र/छात्राओं को परीक्षा फार्म भरे जाने की आवश्यकता भी नहीं है। ऐसे छात्र/छात्रायें विश्वविद्यालय वेबसाइट से नवीन प्रवेश पत्र पुनः डाउनलोड करने के उपरान्त स्पेशल बैक पेपर परीक्षा (दिसम्बर–2020) की परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे।**

2. ऐसे पाठ्यक्रमों जिनमें पुनः परीक्षा देने की सुविधा विश्वविद्यालय नियमों में अनुमन्य है, ऐसे छात्र/छात्राओं के पुनः परीक्षा फार्म जमा करते समय यह अवश्य सुनिश्चित कर लिया जाय कि सम्बन्धित छात्र/छात्रा ने उन्हीं कोडों की पुनः परीक्षा हेतु परीक्षा फार्म भरा है, जिनमें वह पूर्व में बैक पेपर परीक्षा हेतु सम्मिलित हो चुका है। अर्थात किसी भी छात्र/छात्रा को, कोड परिवर्तन कर पुनः परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं है।
3. विश्वविद्यालय नियमानुसार कोई भी अभ्यर्थी एक साथ दो सेमेस्टरों के परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु अर्ह नही होगा।
4. समस्त अर्ह छात्र/छात्रायें परीक्षा फार्म भरे जाने से पूर्व विश्वविद्यालय वेबसाईट www.ccsuniversity.ac.in पर उपलब्ध सेमेस्टर पाठ्यक्रमों से सम्बन्धित समस्त नियमों का भली–भाँति अध्ययन करने के पश्चात ही परीक्षा फार्म भरा जाना सुनिश्चित करें।

सहा० कुलसचिव (परीक्षा)

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

01. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि परीक्षा फार्म अग्रसारण में अर्हता का अच्छी तरह परीक्षण कर लिया जायें कि जिस पाठ्यक्रम के लिए छात्र आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह अर्ह है अथवा नहीं।

क्रमशः.......2

02. सचिव कुलपति को कुलपति जी के सूचनार्थ।
03. वयैक्तिक सहायक, प्रति–कुलपति को प्रति–कुलपति जी के सूचनार्थ।
04. वयैक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी को, वित्त अधिकारी के सूचनार्थ।
05. वयैक्तिक सहायक, कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
06. वयैक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को, परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
07. लेखाधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
08. सहा० कुलसचिव / उप कुलसचिव (परीक्षा / गोपनीय / लेखा)।
09. प्रभारी–कमैटी सेल / अति गोपनीय विभाग।
10. कार्यालय अधीक्षक (गोपनीय)।
11. समस्त प्रभारी / पटल सहायक–परीक्षा विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
12. प्रभारी–कम्प्यूटर केन्द्र / विश्वविद्यालय वेबसाईट।
13. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
14. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी को इस आशय के साथ प्रेषित कि समस्त नियमों / अर्हता के अनुरूप ही विशेष बैक पेपर परीक्षा (दिसम्बर–2020) हेतु परीक्षा फार्म भरवाया जाना सुनिश्चित करें।
15. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के **सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुए**, छात्र हित में, निशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
16. विश्वविद्यालय पूछताछ–केन्द्र / सूचना पट।

28/12

**सहा० कुलसचिव (परीक्षा)**